ओ३म्

वैदिक वीरांगना दल

राष्ट्रीय कार्यालय - B-123, मालवीय नगर, जयपुर (राज.)

मोबाइल : 9829665231 फोन : 0141-2525870,

सादर प्रकाशनार्थ

दिनांक : 14 सितम्बर, 2015

दुनिया उनके साथ होती है, जिनकी अहसान मानना आदत होती है

वैदिक वीरांगना दल का कन्या उपनयन संस्कार सम्पन्न

जयपुर। वैदिक वीरांगना दल द्वारा 108 कन्याओं का उपनयन संस्कार आयोजित किया गया। कन्याओं ने वेदमंत्रों के साथ यज्ञ करते हुए जनेऊ धारण की।

दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनामिका शर्मा ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न जिलों की बालिकांए व महिलाएं उक्त समारोह में शामिल हुई। इस अवसर पर वैदिक वीरांगना दल की संरक्षक श्रीमती दुर्गा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया उन लोगों का साथ देती है, जो अहसान मानना जानते है। किसी ने हमारे लिए कुछ किया और हमने उसके प्रति कृतज्ञता दिखाई तो करने वाले का उत्साह बढ़ता है। एहसान मानना जिनकी आदत बन जाती है, उनके दोस्तों की संख्या लगातार बढ़ती है।

अनामिका शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष